मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल

क्रमांक/मंडी कार्मिक/अ-1/364 123 भोपाल दिनांक 31/01/2022

//आदेश//

म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल के आदेश क्रमांक/मंडी कार्मिक/अ-1/303/2036-2037 दिनांक 28.07.2020 द्वारा श्री आर0के0 सैयाम, सचिव ब, कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर जिला जबलपुर को समान पद एवं वेतनमान में प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित कर कृषि उपज मंडी समिति गाडरवारा मे पदस्थ किया गया था।

उक्त स्थानातंरण आदेश से व्यथित होकर श्री आर0के0 सैयाम द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर मे दायर याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 11079/2020 में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 01.10.2020 एवं 05.10.2020 के परिपालन में म0 प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल भोपाल के आदेश क्रमांक 4098-4099 दिनांक 07.01.2021 द्वारा श्री आर0के0 सैयाम, सचिव कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर जिला जबलपुर का कृषि उपज मंडी समिति गाडरवारा जिला नरसिंहपुर किया गया स्थानातंरण आदेश दिनांक 28.07.2020 को स्थगित किया गया था।

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 11079/2020 में पारित दिनांक 17.01.22 को अंतिम आदेश कर सक्षम प्राधिकारी को नया आदेश (Fresh Order) जारी करने हेतु निर्देशित किया गया है।

याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 11079/2020 में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित अंतिम आदेश दिनांक 17.01.22 के परिपालन में श्री आर0के0 सैयाम, सचिव ब, कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर जिला जबलपुर को समान पद एवं वेतनमान में प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित कर कृषि उपज मंडी समिति कटनी जिला कटनी मे पदस्थ किया जाता है।

31/1/22

(विकास नरवाल)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

charde ji /DR_Order_Bahal

क्रमांक/मंडी कार्मिक/अ-1/3024/125 भोपाल दिनांक 31/01/2022
/01/2022

प्रतिलिपि

1- विशेष सहायक मान. मंत्री जी किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सह-अध्यक्ष मंडी मंडी बोर्ड।

2- निज सहायक प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

3- अपर संचालक (नियमन) मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

4- उप संचालक मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय जबलपुर।

5- चीफ प्रोगामर मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

6- भारसाधक अधिकारी/सचिव कृषि उपज मण्डी समिति जबलपुर जिला जबलपुर/गाडरवारा जिला नरसिंहपुर/ कटनी जिला कटनी।

7- श्री आर0के0 सैयाम, सचिव ब, कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर जिला जबलपुर की ओर पालनार्थ।

8- आदेश नस्ती/व्यक्तिगत नस्ती/नियमन शाखा मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

31/1/22

प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल